

२०२६ मार्च ३१ मंगलवार

# इन्द्रधनुष

इमेल : जिएनएलपीएसकुटयत्तूर@जीमेल. कोम

जी एन एल पी एस कुटयत्तूर समाचार पत्रिका

स्कूल विक्की की ओर

## प्रगति की ओर हमारा विद्यालय ।



हमारे विद्यालय की हिंदी पत्रिका ''इंद्रधनुष'' प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत खुशी हो रही है। इंद्रधनुष के सात रंगों की तरह हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों में भी अनेक प्रतिभाएँ छिपी हुई हैं। इस पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विचार और प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलता है। इसमें विद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और विशेष दिनों की झलक प्रस्तुत की गई है। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व विकास का भी स्थान है। हमें आशा है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करेगी। हम सभी पाठकों को यह पत्रिका समर्पित करते हैं और आशा करते हैं कि यह आप सभी को अवश्य पसंद आएगी।

## प्रवेशोनोत्सव




हमारे विद्यालय में प्रवेशोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बच्चों को अक्षरमाला देकर उनका अभिनंदन किया। बच्चों ने गीत और नृत्य भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम बहुत आनंददायक रहा।

## हरियाली मिशन



हमारे विद्यालय में पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने का महत्व बताया गया। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने पौधे लगाए और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में प्रेरणादायक बातें बताईं। पंचायत अध्यक्ष के. एन. शियास ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । इस प्रकार यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा।

## अक्षर यात्रा



हमारे विद्यालय में पठन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत के महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने विभिन्न पुस्तकों के बारे में जानकारी दी और विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दिन विद्यालय में पठन प्रतियोगिता और पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम से बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ी और सभी ने अधिक पुस्तकें पढ़ने का संकल्पलिया।

## नशा मुक्ति अभियान



हमारे विद्यालय में इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को बताया जाता है कि नशा स्वास्थ्य और समाज दोनों के लिए हानिकारक है। विद्यार्थियों ने पोस्टर, भाषण, रैली और नाटक के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश दिया। सभी ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

## योग ऊर्जा संगम




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस , सरकारी आयुर्वेद औषधालय आयुष हेल्त और वेलनस केंद्र कुटयत्तूर ने सरकारी न्यू एल पी स्कूल में योग प्रशिक्षण शुरू किया। डॉ. ज्योति लक्ष्मी ने स्कूल योग क्लब का उद्घाटन किया। डॉ. चिन्नू सूर्यन ने बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया। पी टी ए के उपाध्यक्ष श्री सुभाष ने समारोह की अध्यक्षता की। स्कूल की एच एम श्रीमती वर्षा टी एस ने सभा का स्वागत किया। शिक्षिका श्रीमती सिंधु ए एन ने आभार व्यक्त किया।

## चन्द्रिमा समारोह




कुटयत्तूर गवर्नमेंट न्यू एल पी स्कूल में मून डे मनाया गया। हेडमिस्ट्रेस वर्षा टी. एस. ने इवेंट का उद्घाटन किया। बच्चों ने मून डे एडिशन, पोस्टर मेकिंग, मून डे सॉन्ग, रॉकेट मेकिंग, प्रश्नोत्तरी वगैरह पर भाग लिए। इस मौके पर एक सिम्युलेटेड मून जर्नी और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग भी ऑर्गनाइज की गई। टीचर्स ने लीड किया।

जी एन एल पी एस कुडयत्तूर **इन्द्रधनुष** ३१ मार्च २०२६

## प्रेमचंद जयंती आयोजन



कुटयत्तूर गवर्नमेंट न्यू एल पी स्कूल में हिंदी क्लब की देखरेख में प्रेमचंद जयंती समारोह मनाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता पी टी ए वाइस प्रेसिडेंट के सुभाष ने की और हेडमिस्ट्रेस वर्षा टी. एस. ने इसका उद्घाटन किया। विद्यारंगम कोऑर्डिनेटर सिबी के. जॉर्ज ने मुख्य भाषण दिया। एम पी टी ए प्रेसिडेंट अर्शीना, सीनियर असिस्टेंट रीना वी. आर., और बशीरा. यु एफ, सजिता पी. सी. आदी ने शुभकामनाएं दीं। कोचूरानी जॉय ने सभा का स्वागत किया और सिंधु ए. एन. ने धन्यवाद रखा। हेडमिस्ट्रेस वर्षा टी. एस. ने पैम्फलेट जारी किया। बच्चों ने कई तरह के प्रोग्राम पेश किए। ।

## सॉफ्टवेयर फ्रीडम डे



स्कूल में सॉफ्टवेयर फ्रीडम डे मनाया गया। हेडमिस्ट्रेस वर्षा टी. एस. ने इसका उद्घाटन किया। सिबी के जॉर्ज और रीना वी. आर. ने शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने प्रातसभा में सॉफ्टवेयर फ्रीडम डे की प्रतिज्ञा ली। कुटयत्तूर गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के रिटायर्ड टीचर (एस ऐ टी सी) कोचू रानी जॉय ने बच्चों को फ्री सॉफ्टवेयर के महत्व और क्षमता पर एक क्लास दी और फ्री ग्राफिकल सॉफ्टवेयर के बारे में बताया। बच्चों ने सॉफ्टवेयर फ्रीडम डे के मैसेज वाले पोस्टर लिखा ।

## दोस्त के लिए पौधा लगाएँ प्रोजेक्ट



इस योजना में हर बच्चा अपने एक मित्र के नाम पर एक पौधा लगाया और उस की देखभाल किया । प्रधानाध्यापिका वर्षा टी. एस. ने एक पौधा देकर इवेंट की शुरुआत की। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से "चंगाती के लिए एक पौधा" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मित्रों के नाम पर पौधे लगाए। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को पौधों की देखभाल करने का संदेश दिया।

## हरितमुकुलम प्रमाणपत्र



"मातृभूमि सीड 'हरित मुकुलम प्रशस्ति पत्र तोडुपुषा नगरपालिका के चेयरमैन श्री के दीपक से प्राप्त किया।"

## एकता और एक मन योजना



एकता और एक मन योजना के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूल के दोपहर के भोजन के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की। इस प्रकार बच्चों ने सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा दिया।

## विदाई कार्यक्रम



दीर्घकालीन सराहनीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो रहे कुडयत्तूर गवर्नमेंट न्यू एल. पी. स्कूल के पी. टि सी एम. कौसल्या पी एम को विदाई दी गई। के. एस. सुरेश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानाध्यापिका ने स्वागत भाषण भी दिया। पी. टी. ए. उपाध्यक्ष सुभाष, श्रीजीत, एम. पी. टी. ए. अध्यक्ष अर्सीना तथा सजिता पी. सी., शीजा आर. नायर और ग्रिषा जॉन ने शुभकामनाएँ अर्पित कीं। शिक्षक सिबी के. जॉर्ज ने मंगल गीत प्रस्तुत किया।

## विज्ञान मेला



विद्यालय में विज्ञान मेले की तैयारी की । विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक परियोजनाएँ और मॉडल तैयार किया।। वे अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में नई-नई खोजों और प्रयोगों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

## त्रैमासिक समाचार पत्रिका



स्कूल में मुक्त सॉफ्टवेयर स्क्राइबस (Scribus) की सहायता से तैयार की गई "वार्ता मानम्" नामक त्रैमासिक समाचार पत्रिका का प्रकाशन किया गया। इस पत्रिका का विमोचन अरक्कुलम ए इ ओ श्रीमती आशिमोल कुरियाचन ने बी. पी. सी. सिनी सेबास्टियन को प्रदान करके किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद अध्यक्ष सुरेश, उपाध्यक्ष सुभाष तथा एम. पी. टी. ए. अध्यक्ष अर्सीना ने शुभकामनाएँ अर्पित कीं। सिबी के जोर्ज ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## नारी सम्मान पर्व



विद्यालय में "नारी सम्मान जश्न" बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। हेडमिस्ट्रेस टी. एस. वर्षा ने स्वागत भाषण की। मातृ संगम की अध्यक्ष आरषीना शमीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पंचायत सदस्य श्रीमती तस्नी शेफीक ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिन्धु ए एन, सरोजिनी नायडू की स्मृति में विशेष भाषण प्रस्तुत किया गया। "मातृत्व" विषय पर सजिता ने कक्षा ली।

## खेल महोत्सव



विद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ जैसे दौड़, लंबी कूद, और रिले रेस आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका ने किया और उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। विजेताओं को पुरस्कार दिया।

## विजय का जयघोष



जी एन एल पी एस कुडयत्तूर

इन्द्रधनुष

३१ मार्च २०२६

# विश्व हाथ धोने का दिवस



विद्यालय में विश्व हाथ धोने का दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुडयत्तूर गवर्नमेंट आयुर्वेद अस्पताल की डॉ. चिन्नु सूर्या ने विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कक्षा का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक भाग लिया और उपयोगी बातें सीखी। इस आयोजन में शिक्षकों ने नेतृत्व प्रदान किया।

# एट्टंगाडी पुषुक्क



आज हमारे विद्यालय में पारंपरिक व्यंजन "एट्टंगाडी पुषुक्कु" से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक खाद्य संस्कृति से परिचित कराना और उनमें सहयोग की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सब्जियाँ लाकर सामूहिक रूप से एट्टंगाडी पुझुक्कु तैयार किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मिलकर काम किया और टीमवर्क का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। तैयार किए गए व्यंजन को सभी बच्चों और शिक्षकों के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने पारंपरिक भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रकार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और आनंददायक रहा।

# धरती माँ उत्सव



आज विद्यालय में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में मिट्टी के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर प्रदर्शन और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया। बच्चों ने "मिट्टी बचाओ, जीवन बचाओ" जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधे भी लगाए।

# बाल उमंग



बाल दिवस एल. पी. स्कूल में मनाया गया। हेडमास्टर ने मुख्य भाषण दिया। बच्चों ने भाषण सहित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा तैयार किए गए बाल दिवस विशेषांक का उद्घाटन विद्यालय के संयोजक ने किया। बच्चों ने रैली भी निकाली। सिंधु ए. एन., सजिता पी. सी. और बशीरा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।




# स्वच्छ स्वास्थ्य अभियान



स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन कूडयत्तूर ग्राम पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा विजयन तथा वार्ड सदस्य श्री तस्नी शफीक ने बच्चों को कृमिनाशक गोलियाँ वितरित करके किया।

# गणतंत्र पर्व



गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने ध्वजारोहण किया। वार्ड सदस्य ने मुख्य भाषण भी प्रस्तुत किया।

# स्वाद संगम



विद्यालय में विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक अलग तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों ने अपने ही विद्यालय में उगाए गए खाद्यान्न और खाद्य पदार्थों का उपयोग करके इस दिन को मनाया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वावलंबन और खाद्य के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

# विनोदयात्रा



स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस यात्रा के दौरान सबसे पहले छात्रों ने कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दौरा किया। वहाँ उन्होंने विमानों के आगमन और प्रस्थान, यात्रियों की जाँच प्रक्रिया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। हवाई अड्डे की स्वच्छता और सुव्यवस्थित व्यवस्था ने सभी को प्रभावित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने कोच्चि वाटर मेट्रो में यात्रा की। जल परिवहन के इस नए और आधुनिक माध्यम में यात्रा करना सभी के लिए एक नया अनुभव था। इससे छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के महत्व को समझने का अवसर मिला। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने एक पार्क का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने आनंद लिया और अपने मित्रों के साथ समय बिताया। अंत में उन्होंने समुद्र तट का भी भ्रमण किया, जहाँ की सुंदर दृश्यावली और चीनी मछली पकड़ने के जाल (चाइनीज नेट) ने सभी का मन मोह लिया। वहाँ कुछ समय बिताने से यात्रा और भी सुखद बन गई। अध्यापकों के मार्गदर्शन में यह यात्रा सुरक्षित और सफल रही। यह शैक्षिक भ्रमण सभी विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# लघु फिल्म




चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने "कुंजुण्णियुडे मीनकुंजुड्ल" पाठ के आधार पर एक लघु फिल्म तैयार की। इस फिल्म के माध्यम से बच्चों ने पाठ की कहानी को सुंदर और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। फिल्म निर्माण के दौरान विद्यार्थियों ने अभिनय, संवाद और प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि ने उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अध्यापकों के मार्गदर्शन में तैयार की गई यह लघु फिल्म सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर किया।

जी एन एल पी एस कुडयत्तूर **इन्द्रधनुष** ३१ मार्च २०२६

# रंग/शाला

## आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी




## पाँचवीं कक्षा की विदाई



## आयुर्वेदिक दिन



## डी सी एल फेस्ट




## कला उत्सव



## सफाई पुरस्कार





## समग्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा योजना








## ओन्नोरुक्कम. . . पहली कक्षा में. . .




## ओणम महोत्सव




## क्रिसमस




## वाड्मयम भाषा प्रतिभा



## अलीफ टालन्ट फेस्ट



## डी सी एल कहानी सृजन



मुद्रित एवं प्रकाशित: सिबी के जॉर्ज (मुख्य संपादक), जी. एन. एल. पी. एस. कुडयत्तूर, इडुक्की, ईमेल: *gnlpskudayathoor@gmail.com*

डिजाइन एवं मुद्रण: कोच्चुरानी जॉय (सेवानिवृत्त एच. एस. टी., एस आई टी सी, जी. एच. एस. एस. कुडयत्तूर) ईमेल: *kochusjoy@gmail.com*